www.sakshieducation.com

# PAPER-II
# PUBLIC ADMINISTRATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________
(In words)

**S 1 4 1 3**

Time : $1 \frac{1}{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



www.sakshieducation.com

# PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Felix Nigro points out four basic elements of similarity between the public and private administration. Which of the following is not among those four ?

(A) Bureaucratic element
(B) Service and cost
(C) Concept of techniques of scientific management
(D) Human relation approach

**2.** **Assertion (A) :** Theoretically, Minnowbrook Conference III represents both Simonesque and Waldonian perspectives.

**Reason (R) :** Some were drawn to Economics, Organization theory and Management and others have appreciated frameworks and methods from Political Science, Sociology, Philosophy and History.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**3.** Chester Barnard's 'Zone of Indifference' represents which of the following ?

(A) Those which will clearly be unacceptable and not obeyed.
(B) Those which are on neutral line.
(C) Those which are unquestionably acceptable.
(D) All of the above.

**4.** Which of the following is the 'motivation factor' in 'Two Factor' theory of Herzberg ?

(A) Working condition
(B) Work itself
(C) Policy and Administration
(D) Interpersonal Relations

**5.** Who defined bureaucracy as "Organisation that cannot correct its behaviour by learning from its errors" ?

(A) Karl Marx
(B) Robert Merton
(C) Max Weber
(D) M. Crozier

**6.** "Loss of freedom and humanity necessarily leads to loss of morality." Who among the following held this view ?

(A) Hegel
(B) Karl Marx
(C) V.I. Lenin
(D) Mao-Tse-Tung

**7.** Which of the following is not an approach of decentralization according to James W. Fester ?

(A) Dual Role Approach
(B) Administrative Approach
(C) Productive or Business Approach
(D) Doctrinal Approach

**8.** Who of the following developed the concept of 'Knowledge Worker' ?

(A) F.J. Roethlisberger
(B) Rosamery O'Leary
(C) Peter Drucker
(D) Anne Osborn Krueger

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

# लोक प्रशासन

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** फेलिक्स निग्रो ने लोक तथा निजी प्रशासन के बीच समानता के चार आधारभूत तत्त्वों का उल्लेख किया है । निम्नलिखित में से कौन सा उनमें से एक नहीं है ?

(A) अधिकारीतंत्र तत्त्व

(B) सेवा तथा लागत

(C) वैज्ञानिक प्रबंधन की तकनीकों की संकल्पना

(D) मानव संबंध उपागम

**2.** **अभिकथन (A)** : सैद्धांतिक रूप से मिनोब्रुक तृतीय सम्मेलन साइमनसक्यू एवं वाल्डोनियन दोनों परिप्रेक्ष्य का प्रतिनिधित्व करता है ।

**तर्क (R)** : कुछ विद्वानों ने अर्थशास्त्र, संगठन सिद्धांत और प्रबन्ध तथा अन्य ने राजनीतिशास्त्र । समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र व इतिहास की रूपरेखा और विधियों का समर्थन किया ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**3.** चेस्टर बर्नार्ड का 'उदासीनता का क्षेत्र' निम्न में से किसका प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) उनका जो स्पष्ट रूप में अस्वीकार्य होंगे और जिनका अनुपालन नहीं किया जाएगा ।

(B) वे जो तटस्थ रेखा पर हैं ।

(C) वे जो बिना किसी शंका के स्वीकार्य हैं ।

(D) उपर्युक्त सभी

**4.** हर्जबर्ग के द्विघटक सिद्धांत में निम्न में से अभिप्रेरणा तत्त्व क्या है ?

(A) कार्य दशाएँ

(B) स्वयं कार्य

(C) नीति और प्रशासन

(D) अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध

**5.** अधिकारितंत्र को निम्न रूप में किसने परिभाषित किया "यह एक ऐसा संगठन है जो अपने व्यवहार में अपनी भूलों से सुधार नहीं कर सकता" ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) रोबर्ट मर्टन

(C) मैक्स वेबर

(D) एम. क्रोजियर

**6.** "स्वतंत्रता और मानवीयता की हानि अनिवार्यत नैतिकता की हानि की तरफ ले जाता है ।" – यह विचार निम्नलिखित में से किसका है ?

(A) हीगल

(B) कार्ल मार्क्स

(C) वी.आई. लेनिन

(D) माओ-त्से-तुंग

**7.** जेम्स डब्ल्यू. फेस्टर के अनुसार विकेन्द्रीयकरण का उपागम निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(A) दोहरी भूमिका उपागम

(B) प्रशासनिक उपागम

(C) उत्पादक अथवा व्यवसाय उपागम

(D) सिद्धांत सम्बन्धी उपागम

**8.** निम्न में से किसने 'नॉलेज वर्कर' अवधारणा का विकास किया ?

(A) एफ.जे. रूथलिसबर्गर

(B) रोजामरी ओ'लिवरी

(C) पीटर ड्रकर

(D) एनी ऑस्बॉर्न क्रूज़र

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**9.** **Assertion (A) :** Administrative Theory is marked by a plethora of competing schools, a polygot of languages and accordingly, a confusion of Logic.

**Reason (R) :** Each competing school questions the others, adventurism is rampant and commonly accepted standards of control do not exist.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**10.** Organization economic theory strives to ensure that worker interest coincides with organization's interest which are embodied in organization's owner. This idea is a part of which of following theory ?

(A) Principal-agent Theory

(B) Maturity-Immaturity Theory

(C) Herzberg's Two-factor Theory

(D) Contribution-Satisfaction Equilibrium Theory

**11.** Consider the following assumptions of Total Quality Management and select the correct answer by using codes given below :

(i) Quality focus

(ii) Continuous improvement

(iii) Top management commitment

(iv) Empowerment and team management

**Codes :**

(A) (i) and (ii)

(B) (i), (ii) and (iii)

(C) (ii), (iii) and (iv)

(D) (iii) and (iv)

**12.** 'The real fault that must be found with the principle of the unity of command is that it is incompatible with the principle of specialization.' This view was expressed by

(A) Henry Fayol

(B) Max Weber

(C) Herbert Simon

(D) Peter Drucker

**13.** "Government isn't the solution; Government is the problem", who said it ?

(A) George Washington

(B) Woodrow Wilson

(C) George W. Bush

(D) Ronald Reagan

**14.** Dwight Waldo in his book 'The Administrative State' has criticised which of the following ?

(i) Notion of unchanging principles of organization.

(ii) Role of human emotions in organizational working.

(iii) Narrowness of values of economy and efficiency.

(iv) Inconsistencies in methodology used in determining the principles.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (iii)

(B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (iii) and (iv)

(D) (ii), (iii) and (iv)

**15.** 'Grand Corps' in French Civil Service stands for

(A) Senior level of specialist administrators

(B) Senior level of generalist administrators

(C) Senior level of generalist cum specialist administrators

(D) Senior level of defence administrators

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**9.** **अभिकथन (A)** : प्रशासनिक सिद्धांत प्रतिस्पर्धी विचारधाराओं के आधिक्य, बहुभाषी भाषाओं एवं तदनुसार तार्किक संभ्रांति द्वारा चिह्नित होता है ।

**तर्क (R)** : प्रत्येक प्रतिस्पर्धी विचारधारा अन्य विचारधाराओं को चुनौती देती है, उच्छृंखल प्रयोग किए जा रहे हैं तथा सर्वसामान्य रूप से स्वीकृत नियंत्रण के मानक अस्तित्व में नहीं हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**10.** संगठन आर्थिक सिद्धांत इसे सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि कामगारों का हित संगठन के हित, जो संगठन के स्वामी से जुड़ा होता है, के अनुरूप हो । यह विचार निम्नलिखित में से किस सिद्धांत का भाग है ?

(A) प्रधान-अभिकर्त्ता सिद्धांत

(B) परिपक्वता-अपरिपक्वता सिद्धांत

(C) हर्जबर्ग का द्विकारक सिद्धांत

(D) योगदान-संतुष्टि संतुलन सिद्धांत

**11.** सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन से संबंधित निम्नलिखित धारणाओं पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

(i) गुणवत्ता-केंद्रबिन्दु

(ii) सतत् परिष्कार

(iii) शीर्ष प्रबंधन की प्रतिबद्धता

(iv) सशक्तीकरण तथा दल-प्रबंधन

**कूट** :

(A) (i) तथा (ii)

(B) (i), (ii) तथा (iii)

(C) (ii), (iii) तथा (iv)

(D) (iii) तथा (iv)

**12.** 'समादेश की एकता के सिद्धांत में एक वास्तविक दोष आवश्यक रूप से यह है कि यह विशेषज्ञता के सिद्धांत से असंगत है ।' यह विचार किसने व्यक्त किया था ?

(A) हेनरी फेयोल

(B) मैक्स वेबर

(C) हर्बर्ट साइमन

(D) पीटर ड्रकर

**13.** "सरकार समाधान नहीं, सरकार एक समस्या है" यह कथन किसका है ?

(A) जॉर्ज वाशिंगटन

(B) वुडरो विल्सन

(C) जॉर्ज डब्ल्यू. बुश

(D) रोनाल्ड रीगन

**14.** डवाइट वाल्डो ने अपनी पुस्तक 'दी एडमिनिस्ट्रेटिव स्टेट' में निम्नलिखित में से किसकी आलोचना की है ?

(i) संगठन के अपरिवर्तनशील सिद्धांतों की धारणा

(ii) संगठनात्मक कार्यकारिता में मानवीय संवेगों की भूमिका

(iii) अर्थव्यवस्था तथा कार्यकुशलता के मूल्यों की संकीर्णता

(iv) सिद्धांतों को निर्धारित करने में उपयोग में ली जाने वाली कार्य पद्धति में असंगतताएँ

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट** :

(A) (i) और (iii)

(B) (i), (ii) और (iii)

(C) (i), (iii) और (iv)

(D) (ii), (iii) और (iv)

**15.** फ्रांसिसी सिविल सेवा में 'ग्रांड कोर' का अर्थ है

(A) वरिष्ठ स्तर के विशेषज्ञ प्रशासक

(B) वरिष्ठ स्तर के सामान्यवादी प्रशासक

(C) वरिष्ठ स्तर के सामान्यवादी-सह-विशेषज्ञ प्रशासक

(D) वरिष्ठ स्तर के रक्षा प्रशासक

www.sakshieducation.com

**16.** Which one of the following statements about Fast Stream in British Civil Service is not correct ?
(A) It is a Talent Management Programme.
(B) It is both for graduates and non-graduates who have potential to become the future leaders.
(C) It is open to people from any academic discipline.
(D) It has five separate schemes in it.

**17.** Growth and significance of public and private sectors in a system is known as which of the following ?
(A) Socialist Economy
(B) Mixed Economy
(C) Planned Economy
(D) Capitalist Economy

**18.** The Deputy Chairman of Planning Commission enjoys the rank of a
(A) Cabinet Minister
(B) Minister of State
(C) Deputy Minister
(D) Secretary to Government of India

**19.** The extent to which formally differentiated structure of a diffracted society co-exist with undifferentiated structure of a fused type is called by F.W. Riggs as
(A) Heterogeneity
(B) Formalism
(C) Overlapping
(D) Poly-communalism

**20.** Which one of the following Articles of the Constitution of India provides for the establishment of additional courts (by a law passed by Parliament) for the better administration of law ?
(A) Article 247
(B) Article 248
(C) Article 249
(D) Article 256

**21.** Which one of the following is not correct about International Bank for Reconstruction and Development ?
(A) It was founded in 1944.
(B) It was founded to cater the financial needs of poorer countries.
(C) It promotes sustainable, equitable and job creating growth.
(D) It supports long term human and social development needs.

www.sakshieducation.com

**22.** Which of the following countries are eligible to receive low interest or no interest loans and grants from International Development Association ?
(i) India
(ii) Indonesia
(iii) Bangladesh
(iv) Pakistan
Select the correct answer by using codes given below :
**Codes :**
(A) (i), (ii) and (iii)
(B) (ii), (iii) and (iv)
(C) (i), (ii) and (iv)
(D) (i), (iii) and (iv)

**23.** Which of the following is not related to Social Welfare Administration ?
(A) Central Social Welfare Board
(B) National Commission for SCs and STs
(C) National Commission for Women
(D) National Human Rights Commission

**24.** Which one of the following is not associated with World Trade Organization ?
(A) Uruguay Round
(B) Doha Development Agenda
(C) Bretton Wood System
(D) General Agreement on Tariffs and Trade

www.sakshieducation.com

**16.** ब्रिटिश लोकसेवा में त्वरित प्रवाह के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) यह एक प्रतिभा प्रबन्ध कार्यक्रम है ।

(B) यह स्नातक एवं अस्नातक दोनों के लिए है जो भावी नेतृत्व की क्षमता रखते हैं ।

(C) यह सभी अकादमिक विषयों के लोगों के लिए खुली है ।

(D) इसमें पाँच अलग योजनाएँ हैं ।

**17.** एक व्यवस्था में सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों की संवृद्धि तथा महत्त्व निम्नलिखित में से किस रूप में जाना जाता है ?

(A) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(B) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(C) नियोजित अर्थव्यवस्था

(D) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

**18.** योजना आयोग के उपाध्यक्ष का स्तर निम्न में से किसके समान होता है ?

(A) केबिनेट मंत्री

(B) राज्य मंत्री

(C) उप मंत्री

(D) भारत सरकार के सचिव

**19.** जो एक डिफ्रेक्टेड सोसाइटी की औपचारिक रूप से विशेषीकृत संरचनाओं और फ्यूज्ड सोसाइटी की अविशेषित संरचनाओं के सहअस्तित्व के बोधक को एफ.डब्ल्यू. रिग्स द्वारा क्या कहा गया है ?

(A) विजातीयता

(B) रीतिवाद

(C) परस्पर व्यापन

(D) बहु-सम्प्रदायवाद

**20.** भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत, कानून के बेहतर प्रशासन के लिए, अतिरिक्त न्यायालयों की स्थापना (संसद में कानून पारित कर) का प्रावधान है ?

(A) अनुच्छेद 247

(B) अनुच्छेद 248

(C) अनुच्छेद 249

(D) अनुच्छेद 256

**21.** अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही नहीं है ?

(A) इसकी स्थापना सन् 1944 में हुई थी ।

(B) इसकी स्थापना गरीब देशों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हुई थी ।

(C) यह धारणीय, समतापूर्ण तथा नौकरी उत्पन्न करने वाले विकास को बढ़ावा देता है ।

(D) यह दीर्घकालीन मानव तथा सामाजिक विकास की आवश्यकताओं का समर्थन करता है ।

**22.** निम्नलिखित में से कौन से देश अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से कम ब्याज या बिना ब्याज के ऋण प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं ?

(i) भारत

(ii) इंडोनेशिया

(iii) बांग्लादेश

(iv) पाकिस्तान

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट** :

(A) (i), (ii) एवं (iii)

(B) (ii), (iii) एवं (iv)

(C) (i), (ii) एवं (iv)

(D) (i), (iii) एवं (iv)

**23.** निम्नलिखित में से क्या सामाजिक कल्याण प्रशासन से संबंधित नहीं है ?

(A) केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड

(B) अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए राष्ट्रीय आयोग

(C) राष्ट्रीय महिला आयोग

(D) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

**24.** निम्नलिखित में से कौन सा विश्व व्यापार संगठन से संबंधित नहीं है ?

(A) उरुगुवे राउण्ड

(B) दोहा डेवलपमेंट एजेंडा

(C) ब्रेटन वूड सिस्टम

(D) जनरल ऐग्रीमेंट ऑन टेरिफ ऐण्ड ट्रेड

www.sakshieducation.com

**25.** **Assertion (A) :** Development administration requires administrative modernization.

**Reason (R) :** Development administration requires creation of new administrative structures and reorientation of existing one to suit the needs of development programmes.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**26.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Commissions / Committees)** | **List – I (Name)** |
|---|---|
| (a) Royal Commission on Public Service in India | (i) Lee Commission |
| (b) Royal Commission on Superior Civil Services in India | (ii) Islington Commission |
| (c) Secretariat Re-organization Committee | (iii) K.P. Geetha-krishanan |
| (d) Expenditure Reforms Commission | (iv) Girija Shankar Vajpayee |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**27.** The Department of Disinvestment falls under which of the following Union Ministry ?

(A) Ministry of Heavy Industries and Public Enterprises

(B) Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises

(C) Ministry of Commerce and Industry

(D) Ministry of Finance

**28.** Which one of the following statements is not correct about The Prime Minister's Office ?

(A) It was previously known as Prime Minister's Secretariat.

(B) It is a think-tank for Prime Minister.

(C) It arranges the agenda for Cabinet meeting.

(D) Now it is becoming a fulcrum of economic activities.

**29.** Which of the following statements about a member of the Council d' Etat in France are correct ?

(i) He serves in various ministries as line administrator.

(ii) He advises the Government of the day.

(iii) He adjudicates cases brought against officers of the State.

(iv) He creates a conflict of interests by performing dual functions, instead of enriching administrative adjudication.

Select the correct answer by using codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii)

(B) (iii) and (iv)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**30.** "Development administration means the implementation of programmes designed to bring about modernity, and changes within the administrative system which increase its capacity to implement the programmes."

Who of the following made this statement ?

(A) F.W. Riggs

(B) Pai Panandikar

(C) Harry J. Friedman

(D) George Gant

www.sakshieducation.com

**25.** **अभिकथन (A)** : विकास प्रशासन को प्रशासनिक आधुनिकीकरण की आवश्यकता है ।

**तर्क (R)** : विकास कार्यक्रमों की आवश्यकताओं के अनुरूप होने के लिए विकास प्रशासन को नवीन प्रशासनिक संरचनाओं के निर्माण तथा वर्तमान संरचनाओं के पुनर्अभिविन्यास की आवश्यकता है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**26.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए । नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (आयोग/समिति)** | **सूची – II (नाम)** |
|---|---|
| (a) भारत में लोक सेवा पर शाही कमीशन | (i) ली कमीशन |
| (b) भारत में उच्च सिविल सेवा पर शाही कमीशन | (ii) इस्लिंगटन कमीशन |
| (c) सचिवालयीय पुनर्गठन समिति | (iii) के.पी. गीताकृष्णन |
| (d) एक्सपेंडिचर रिफॉर्म कमीशन | (iv) गिरिजा शंकर वाजपेयी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**27.** विनिवेशन विभाग निम्नलिखित में से किस संघीय मन्त्रालय के अन्तर्गत आता है ?

(A) भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मन्त्रालय

(B) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मन्त्रालय

(C) वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय

(D) वित्त मन्त्रालय

**28.** प्रधान मंत्री कार्यालय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) पहले इसका नाम प्रधान मंत्री सचिवालय था ।

(B) यह प्रधान मंत्री के लिए चिंतन समूह है ।

(C) यह मंत्रिमंडल की बैठकों के लिए कार्यसूची की व्यवस्था करता है ।

(D) अब यह आर्थिक कार्यकलापों का आधार बन रहा है ।

**29.** फ्रांस में काऊंसिल दे'तात के सदस्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(i) सूत्र प्रशासकों के रूप में विभिन्न मन्त्रालयों में कार्य करता है ।

(ii) प्रतिष्ठापित सरकार को परामर्श देता है ।

(iii) राज्य के अधिकारियों के विरुद्ध लाये गये मामलों पर फैसला सुनाता है ।

(iv) प्रशासनिक निर्णयादेश को समृद्ध करने के बजाय दोहरे कार्य सम्पन्न करके हितों के बीच संघर्ष उत्पन्न करता है ।

नीचे दिये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें :

**कूट** :

(A) (i) एवं (ii)

(B) (iii) एवं (iv)

(C) (i), (ii) एवं (iii)

(D) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

**30.** "विकास प्रशासन का अर्थ है ऐसे कार्यक्रमों का क्रियान्वयन जिनका निर्माण प्रशासनिक प्रणाली के अंतर्गत आधुनिकता तथा परिवर्तन लाने के लिए किया जाता है, जिससे कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की इसकी क्षमता बढ़ती है" यह निम्नलिखित में से किसका कथन है ?

(A) एफ.डब्ल्यू. रिग्स

(B) पाई पानांडिकर

(C) हैरी जे. फ्रीडमैन

(D) जॉर्ज गैंट



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**31.** Consider the following statements about the role of the Public Accounts Committee. Find the correct answer by using the codes given below :

(i) The PAC is able to take up only a few reviews and para of CAG's reports.

(ii) Ministries and Departments are generally consider CAG's report as a nuisance and interference in their work.

(iii) The PAC has a very limited time to meet.

(iv) The PAC is only Committee which make financial control on behalf of the Parliament.

**Codes :**

(A) (i) and (iii)

(B) (i) and (ii)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (i), (ii) and (iv)

**32.** Chronologically arrange in ascending order the programmes launched for the amelioration of the socio-economic conditions of rural people.

(i) MNREGA (ii) PURA

(iii) NRLM (iv) SGRY

**Codes :**

(A) (iv), (i), (iii), (ii)

(B) (iv), (iii), (i), (ii)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (iv), (i), (ii), (iii)

**33.** Which of the following is not correct about the role of developmental bureaucracy in developing countries ?

(A) Maintenance of law and order

(B) Formulation of development policies

(C) Execution of development programmes

(D) Monitoring and evaluating development schemes

**34.** Which of the following Committee was formed on the recommendation of Grow More Food Enquiry Committee ?

(A) L.M. Singhvi Committee

(B) Ashok Mehta Committee

(C) G.V.K. Rao Committee

(D) Balwantrai Mehta Committee

**35.** Which one of following is not the role of the Chief Secretary of a State ?

(A) He is ex-officio secretary to the Council of Ministers.

(B) He has supervisory role for policy implementation.

(C) He can change the Rules of Business.

(D) He is the chief coordinator between Centre and State.

**36.** Which of the following statement about the 33.3% reservation for women in Parliament is correct ?

(A) It is yet to be introduced in Parliament.

(B) It has been passed by the Rajya Sabha in 2010.

(C) It has been passed by the Lok Sabha in 2010, but remains to be passed by the Rajya Sabha.

(D) It has been passed by Parliament, but has not yet received the consent of the President of India.

**37.** Employee-Employer relation includes which of the following ?

(i) The work environment

(ii) Disputes between employees and employer

(iii) Work schedules

(iv) Health and safety

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii)

(B) (ii), (iii) and (iv)

(C) (ii) and (iii)

(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**31.** लोक लेखा समिति (पीएसी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही कथनों को चुनिए :

(i) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) के रिपोर्ट की केवल कुछ समीक्षाओं और पैरा पर ही विचार करने में पीएसी समर्थ हो पाती है ।

(ii) मंत्रालय तथा विभाग सीएजी की रिपोर्ट को परेशान करने वाला तथा उनके कार्य में हस्तक्षेप मानते हैं ।

(iii) पीएसी को बैठक करने के लिए अत्यल्प समय मिलता है ।

(iv) पीएसी अकेली ऐसी समिति है जो संसद की ओर से वित्तीय नियंत्रण करती है ।

**कोड** :

(A) (i) एवं (iii)

(B) (i) एवं (ii)

(C) (i), (ii) एवं (iii)

(D) (i), (ii) एवं (iv)

**32.** ग्रामीण लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को सुधारने के लिये प्रारम्भ किये गये कार्यक्रमों को आरोही कालानुक्रम में व्यवस्थित करें ।

(i) मनरेगा

(ii) पीयूआरए

(iii) एनआरएलएम

(iv) एसजीआरवाई

**कूट** :

(A) (iv), (i), (iii), (ii)

(B) (iv), (iii), (i), (ii)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (iv), (i), (ii), (iii)

**33.** विकासशील देशों में विकासात्मक नौकरशाही के बारे में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(A) कानून और व्यवस्था बनाए रखना

(B) विकास नीतियों का निर्माण करना

(C) विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन

(D) विकास परियोजनाओं का प्रबोधन और मूल्यांकन

**34.** निम्नलिखित में से किस समिति का गठन 'ग्रो मोर फूड इन्क्वायरी कमिटी' की सिफारिश पर किया गया था ?

(A) एल.एम. सिंघवी समिति

(B) अशोक मेहता समिति

(C) जी.वी.के. राव समिति

(D) बलवंत राय मेहता समिति

**35.** राज्य के मुख्य सचिव की भूमिका निम्नलिखित में से कौन सी नहीं है ?

(A) वह मंत्री परिषद का पदेन सचिव है ।

(B) नीति के क्रियान्वयन के लिये उसकी पर्यवेक्षीय भूमिका होती है ।

(C) वह कार्य संचालन के नियमों को बदल सकता है ।

(D) वह केन्द्र तथा राज्य के बीच मुख्य समन्वयक होता है ।

**36.** संसद में महिलाओं के लिए 33.3% आरक्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) इसे संसद में प्रस्तुत किया जाना बाकी है ।

(B) इसे सन् 2010 में राज्य सभा द्वारा पारित किया गया ।

(C) इसे सन् 2010 में लोक सभा द्वारा पारित किया गया, परन्तु राज्य सभा द्वारा पारित किया जाना बाकी है ।

(D) इसे संसद द्वारा पारित किया जा चुका है, परन्तु भारत के राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त होनी बाकी है ।

**37.** कर्मचारी-नियोक्ता सम्बन्ध में निम्नलिखित में से क्या समाविष्ट हैं ?

(i) कार्य परिवेश

(ii) कर्मचारियों तथा नियोक्ता के बीच विवाद

(iii) कार्य अनुसूची

(iv) स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

**कूट** :

(A) (i), (ii) एवं (iii)

(B) (ii), (iii) एवं (iv)

(C) (ii) एवं (iii)

(D) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**38.** **Assertion (A) :** The Collector has been reduced to the role of target-chaser and a fire-fighter on behalf of the Government.

**Reason (R) :** The multifarious activities performed by the Collector make him almost indispensable, but at the same time, also make him an overburdened functionary of the district.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**39.** Consider the following observations of Sixth Pay Commission regarding performance related pay :

(i) It should be made a part of the budget.

(ii) It should be given out of organisational savings generated due to increased efficiency.

(iii) It should be budget neutral.

(iv) A special 'head' should be created in the budget.

Select the correct answer by using codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii)

(B) (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**40.** The Provisions of the 74th Constitution Amendment Act are not applicable to the Scheduled Areas and Tribal Areas. Under which of the following article of the Indian Constitution these areas are covered ?

(A) Article 241

(B) Article 242

(C) Article 243

(D) Article 244

**41.** Which of following are the initiatives for introduction of Local Government in British India ?

(i) Mayo's Resolution 1870

(ii) Bengal Chowkidari Act 1870

(iii) Rippon's Resolution 1882

(iv) Royal Commission on Decentralisation 1909

**Codes :**

(A) (i) and (iii)

(B) (iii) and (iv)

(C) (i), (iii) and (iv)

(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**42.** Who defined research as "the manipulation of things, concepts or symbols for the purpose of generalizing to extend, correct or verify knowledge aids in construction of a theory or in the practice of an art" ?

(A) Karl Pearson

(B) A. Huxley

(C) D. Slesinger and M. Stephenson

(D) G.A. Lundberg and Mark Dewy

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**38.** **अभिकथन (A)** : कलैक्टर की भूमिका लक्ष्यपूर्ति के पीछे भागने वाले तथा सरकार की ओर से समस्याओं के समाधान के लिए झूकने वाले के रूप में सीमित हो कर रह गई है ।

**तर्क (R)** : कलैक्टर द्वारा निष्पादित किए जाने वाले विविधतापूर्ण कार्य उसे लगभग अपरिहार्य तथा कभी कभी अतिकार्यभार ग्रसित पदाधिकारी बना देते हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**39.** निष्पत्ति सम्बन्धित वेतन के बारे में छठे वेतन आयोग की निम्न टिप्पणियों पर विचार कीजिए :

(i) इसे बजट का हिस्सा बनाया जाना चाहिए ।

(ii) इसका भुगतान बढ़ी हुई कुशलता के कारण उत्पन्न संगठनात्मक बचत में से किया जाना चाहिए ।

(iii) इसे बजट से अलग रखा जाना चाहिए ।

(iv) बजट में एक विशेष 'शीर्षक' बनाया जाना चाहिए ।

निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(A) (i) एवं (ii)

(B) (ii) एवं (iii)

(C) (i), (ii) एवं (iii)

(D) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

**40.** 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रावधान अनुसूचित क्षेत्रों तथा जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होते । ये क्षेत्र भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत आते हैं ?

(A) अनुच्छेद 241

(B) अनुच्छेद 242

(C) अनुच्छेद 243

(D) अनुच्छेद 244

**41.** ब्रिटिश शासित भारत में स्थानीय शासन की दिशा में पहल निम्नलिखित में से कौन से हैं ?

(i) मेयो का प्रस्ताव 1870

(ii) बंगाल चौकीदारी अधिनियम 1870

(iii) रीपन प्रस्ताव 1882

(iv) विकेंद्रीकरण पर शाही कमीशन 1909

**कूट** :

(A) (i) एवं (iii)

(B) (iii) एवं (iv)

(C) (i), (iii) एवं (iv)

(D) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

**42.** शोध की यह परिभाषा किसने दी है ?

"किसी सिद्धांत के निर्माण में अथवा किसी कला के अभ्यास में ज्ञानोत्पादक साधनों को विस्तारित, परिशुद्ध या सत्यापित करने के लिए सामान्यीकरण के उद्देश्य से वस्तुओं, संकल्पनाओं तथा प्रतीकों का फेर-बदल द्वारा परिचालन"

(A) कार्ल पीयर्सन

(B) ए. हक्सले

(C) डी. स्लेसिंगर तथा एम. स्टीफेंसन

(D) जी.ए. लुण्डबर्ग तथा मार्क डेवी

www.sakshieducation.com

**43.** Which of the following is/are the type/s of the probability sampling ?
(i) Cluster sampling
(ii) Systematic sampling
(iii) Multistage sampling
(iv) Judgement sampling
Select the correct answer by using codes given below :
**Codes :**
(A) (i) and (ii)
(B) (ii) and (iv)
(C) (i), (ii) and (iii)
(D) (ii), (iii) and (iv)

**44.** **Assertion (A) :** The opening questions should be such as to arouse human interest.
**Reason (R) :** The first few questions are particularly important because they are likely to influence the attitude of the respondent and in seeking his desired cooperation.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**45.** Parliament does not exercise financial control over administration through which of the following ?
(A) Ministry of Finance
(B) Parliamentary Budgetary Process
(C) Parliamentary Financial Committees
(D) Comptroller and Auditor General of India

**46.** In which of the following Committee of Parliament, Deputy Speaker will automatically become Chairman if he is a member of that Committee ?
(A) Committee on Public Undertakings
(B) Standing Committee on Commerce
(C) Joint Consultative Committee
(D) Public Accounts Committee

**47.** The scales which express either a favourable or unfavourable attitude towards the given object to which the respondent is asked to react are known as
(A) Rating scales
(B) Thurstone-type scales
(C) Likert type scales
(D) Factor scales

**48.** Which one of the following districts is not covered under Integrated Action Plan for selected Tribal and Backward Districts under the BRGF Programme ?
(A) Adilabad (AP)
(B) Bastar (Chhattisgarh)
(C) Dindori (MP)
(D) Banswara (Rajasthan)

**49.** Which one of following is not correct about Civil Services in France ?
(A) Conseil d'Etat covers remarkably broad range of administrative activities.
(B) Corps des Ponts et Chaussees is one of the grands corps of the State.
(C) Ecole Polytechnique is very popular and most of population wish their sons to send there.
(D) The recruitment system in French Civil Services is not an elitist one and people appreciate it.

**50.** Which one of the following States has ranked first on Devolution Index (on incremental basis) in the year 2011-12 ?
(A) Kerala
(B) Madhya Pradesh
(C) Maharashtra
(D) Karnataka

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**43.** निम्नलिखित में से कौन प्रायिकता प्रतिचयन के प्रकार हैं ?

(i) समूह प्रतिचयन

(ii) व्यवस्थित नमूना-चयन

(iii) बहुचरणीय प्रतिचयन

(iv) निर्णय प्रतिचयन

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) (i) एवं (ii)

(B) (ii) एवं (iv)

(C) (i), (ii) एवं (iii)

(D) (ii), (iii) एवं (iv)

**44.** **अभिकथन (A)** : प्रारम्भिक प्रश्न ऐसे होने चाहिये जो व्यक्ति की रुचि जागृत करें ।

**तर्क (R)** : पहले कुछ प्रश्न विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वो उत्तरदाता की अभिवृत्तियों को और उसका वांछित सहयोग पाने को प्रभावित कर सकते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**45.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा संसद प्रशासन के ऊपर वित्तीय नियंत्रण स्थापित नहीं करती है ?

(A) वित्त मंत्रालय

(B) संसदीय बजटीय प्रक्रिया

(C) संसदीय वित्तीय समितियाँ

(D) भारत के नियंत्रक और महालेखा परिक्षक

**46.** निम्नलिखित में से किस संसदीय समिति में, उपसभापति स्वत: ही समिति का अध्यक्ष बन जायेगा यदि वह उस समिति का सदस्य है ?

(A) लोक उपक्रम समिति

(B) वाणिज्य स्थायी समिति

(C) संयुक्त परामर्शदात्री समिति

(D) लोक लेखा समिति

**47.** किसी दी गई वस्तु, जिसके ऊपर उत्तरदाता की प्रतिक्रिया पूछी जाती है, के प्रति या तो अनुकूल या प्रतिकूल अभिवृत्ति को अभिव्यक्त करने वाले अनुमान को क्या कहते हैं ?

(A) निर्धारण अनुमाप

(B) थर्स्टन टाइप अनुमाप

(C) लिकर्ट टाइप अनुमाप

(D) कारक अनुमाप

**48.** निम्न में से कौन सा बी.आर.जी.एफ. कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला जनजाति एवं पिछड़े जिले के रूप में एकीकृत कार्य योजना के लिए चयनित नहीं है ?

(A) अडीलाबाद (आन्ध्र प्रदेश)

(B) बस्तर (छत्तीसगढ़)

(C) डिन्डोरी (मध्य प्रदेश)

(D) बाँसवाड़ा (राजस्थान)

**49.** फ्रांस में सिविल सेवाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य सही नहीं है ?

(A) कौंसिल डि' एटाट प्रशासनिक क्रियाकलापों की व्यापक श्रेणी को समाहित करता है ।

(B) कॉर्प्स डेस पाँट्स एट चावसीस राज्य के ग्रैण्ड्स कार्प्स में से एक है ।

(C) इकोले पालिटेकनीक अति-लोकप्रिय है और अधिकांश लोग अपने पुत्रों को वहाँ भेजना चाहते हैं ।

(D) फ्रांसीसी सिविल सेवाओं में भर्ती की प्रणाली संभ्रांतवर्गवादी नहीं है तथा लोग इस बात की सराहना करते हैं ।

**50.** निम्नलिखित में से कौन सा राज्य वर्ष 2011-12 में हस्तान्तरण सूचकांक (वृद्धि सम्बन्धी आधार पर) के पैमाने पर प्रथम श्रेणी पर आया है ?

(A) केरल

(B) मध्य प्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) कर्नाटक

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**Subject** (14 ) PUBLIC ADMINISTRATION

| Qno | Answer |
|---|---|
| **1** | B |
| **2** | A |
| **3** | C |
| **4** | B |
| **5** | D |
| **6** | B |
| **7** | C |
| **8** | C |
| **9** | A |
| **10** | A |
| **11** | C |
| **12** | C |
| **13** | D |
| **14** | C |
| **15** | C |
| **16** | B |
| **17** | B |
| **18** | A |
| **19** | C |
| **20** | A |
| **21** | B |
| **22** | C |
| **23** | D |
| **24** | C |
| **25** | A |
| **26** | A |
| **27** | D |
| **28** | C |
| **29** | C |
| **30** | C |
| **31** | C |
| **32** | C |
| **33** | A |
| **34** | D |
| **35** | C |
| **36** | B |
| **37** | D |
| **38** | B |
| **39** | B |
| **40** | D |
| **41** | D |
| **42** | C |
| **43** | C |
| **44** | A |
| **45** | A |
| **46** | D |
| **47** | C |
| **48** | D |
| **49** | D |
| **50** | C |

www.sakshieducation.com
www.sakshieducation.com